समाचार जगत

इबिक्स की ऑस्क ए डॉक्टर टेलीमेडिसन सेवा अब पूरे प्रदेश में उपलब्ध

राजस्थान के किसी भी कोने में बैठा व्यक्ति विशेषज्ञ चिकित्सक का परामर्श ले सकेगा, पूरे प्रदेश में 33 हजार कियोस्क

जयपुर (कासं.)। राजस्थान के सुदूर गांव में बैठा व्यक्ति अब इबिक्स की ऑस्क ए डॉक्टर टेलीमेडिसन सेवा के जरिए विशेषज्ञ डॉक्टर की सेवाओं का लाभ ले सकेंगे।

अब उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सक को दिखाने के लिए मीलों सफर तय नहीं करना पड़ेगा। अब यह डाउनलोड सुविधा चौबीस घण्टे और सातों दिन मिल सकेगी।

इबिक्स ने डॉक्टरों की कमी को देखते हुए आज यह अनूठी योजना शुरू की गई है जिससे पूरे राजस्थान में इबिक्स ने अपनी सफल टेलीमेडिसन सेवा ऑस्क ए डॉक्टर को पूरे राजस्थान में 33 हजार कियोस्क के जरिए आगे बढ़ाया है। गौरतलब है कि इबिक्स एक बीमा वित्तीय और हैल्थ केयर इन्डस्ट्रीज में मांग के मुताबिक सॉफ्टवेयर और ई कामर्स सेवाएं प्रदान करने वाली जानी मानी अन्तरराष्ट्रीय कम्पनी है। राजस्थान के 33 जिलों में लागू राजस्थान सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना ई मित्र के अन्तर्गत इबिक्स ने यह पहल की है। इबिक्स ने खासतौर से राजस्थान में टेलीमेडिसन सेवा प्रदान की है जिसमें लोग किसी भी समय व किसी भी दिन राज्य भर में बोली जाने वाली भाषा में हिन्दी में विशेषज्ञ चिकित्सकों से सेहत से जुड़ी सलाह ले सकेंगे।

ऑस्क ए डॉक्टर के माध्यम से लोग दिन में सेहत से जुड़े परामर्श ऑनलाइन इमेल और फोन के जरिए विशेषज्ञों से राय ले सकते हैं। सेहत से जुड़ी मेडिकल रिपोर्ट को भी अटैच कर दुनिया भर के डॉक्टरों की सलाह ले सकते हैं।

इस महत्वपूर्ण सेवा को कई ऑन साइट परीक्षण के बाद शुरू किया गया है। इसमें नाममात्र भुगतान में दुनिया भर के चर्चित विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श ले सकेंगे।

इबिक्स के मेडिकल सलाहकार सेवा में वैकल्पिक मेडिसन सहित 50 विशिष्टताओं के साथ तकरीबन 1500 फिजिशियन और सर्जन्स चिकित्सकों का ऑनलाइन नेटवर्क है।